लगे मोरछड़ी का झाड़ा आराम के लिए | By Sandeep Deewana

तेरी हाज़री लगाता रहूं
जब तक है सांसें मेरी
तू बुलाता रहे, मैं आता रहूं ....

एक फूल गुलाब का लाया हूँ मेरे श्याम के लिए
लगे मोरछड़ी का झाड़ा यहाँ आराम के लिए
श्याम मेरे श्याम..........
श्याम मेरे श्याम..........

हर दु:ख में साथ निभावे
मेरा कारोबार चलावे
दो टेम की रोटी कुनबा
बस तेरी दया से खावे
मिला तेरा सहारा बाबा पहचान के लिए
लगे मोरछड़ी का झाड़ा यहाँ आराम के लिए

रींगस ते निशान उठाया
नंगे पैरो चल आया
तोरण द्वार का देख नज़ारा
आनंद होगी काया
तेरा करूँ शुक्रियां बाबा बुलाण के लिए
लगे मोरछड़ी का झाड़ा यहाँ आराम के लिए

मेरा चोला रंग्या तेरे रंग में
तू चले मेरे संग संग में
बिन मांगे मन्ने सब मिलगया
ना कमी रही जीवन में
संदीप दीवाना आया गुणगान के लिए
लगे मोरछड़ी का झाड़ा यहाँ आराम के लिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9d%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%81/